पालने में झूलेंगे, फूल बंगले में विराजेंगे नंदलाल

जन्मोत्सव पर कृष्णमय हुआ शहर, मंदिरों में मनमोहक झांकियां तो गलियों में ग्वालों की टोलियां

कंचन शिवपुरिया

भोपाल, 3 सितम्बर. राजधानी में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी. कहीं कान्हा पालने में झूलेंगे, कहीं फूलों के बीच उनका जन्म होगा तो कहीं गीता के शब्द जीवन की उलझनों से सुलझने का रास्ता बताएंगे.

जन्माष्टमी पर राजधानी के मंदिरों में श्रीकृष्ण के ऐसे ही अलग-अलग रूप नजर आएंगे. राधा-कृष्ण मंदिर, बिरला मंदिर, कृष्ण प्रणामी मंदिर समेत शहर के प्रमुख मंदिरों को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है. हर मंदिर की तैयारी अलग है और हर आचार्य के पास कृष्ण के जीवन से जुड़ा एक खास संदेश. किसी ने कृष्ण को सच्ची मित्रता की मिसाल बताया तो किसी ने प्रेम, त्याग और कर्म का गुरु. शहर के कई विद्यालय में जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया जहाँ छात्रों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान बलराम के जीवन, व्यक्तित्व और आदर्शों से परिचित कराया. मंदिरों में भंडारे और विशेष धार्मिक आयोजन होंगे, राज्य संग्रहालय में कृष्ण जन्म से जुड़ी 11वीं शताब्दी की दुर्लभ प्रतिमाएं भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी.

भोपाल. रवीन्द्र भवन में रासलीला समारोह के छठवें दिन गुरुवार को ब्रज के कलाकारों ने मुरली की पुकार और होली लीला का मंचन किया. इस प्रस्तुति में कृष्ण की मुरली को जीव और परमात्मा के बीच प्रेम और आत्मिक जुड़ाव का प्रतीक बताया गया.

मंगल आरती से होगी जन्माष्टमी की सुप्रभात



इस्कॉन मंदिर के धर्मेंद्र कृष्ण प्रभु ने बताया कि सुबह मंगल आरती और रात में महाभिषेक व महाआरती होगी. उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी केवल एक दिन उत्सव मनाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए. भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता के माध्यम से जीवन की कई महत्वपूर्ण बातें सिखाईं. तनाव या कठिनाई के समय गीता मन को संभालने का रास्ता दिखाती है. उन्होंने लोगों से रोजाना कम से कम दो श्लोक पढ़ने, उनका अर्थ समझने, कृष्ण की शिक्षाओं को अपने व्यवहार में उतारने की अपील की.

इस्कॉन मंदिर में कार्यक्रम मार्ग रहेगा परिवर्तित

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को इस्कॉन मंदिर पटेल नगर में कार्यक्रम होंगे. कार्यक्रम के दौरान मार्ग परिवर्तित रहेगा. इस दौरान सागर, रायसेन की ओर आवागमन करने वाली बसें पिपलानी पेट्रोल पंप से राइट टर्न कर इलाहाबाद बैंक से एसओएस बालग्राम रोड से खजूरी होकर आवागमन कर सकेंगी. मध्यम एवं चार-पहिया वाहन आनंद नगर से हथाई खेड़ा डैम रोड से आवागमन कर सकेंगे.

संग्रहालय में कृष्ण जन्म की दुर्लभ प्रतिमाएं

भोपाल, 3 सितंबर. राज्य संग्रहालय में कृष्ण जन्म से जुड़ी 11वीं शताब्दी की दो दुर्लभ प्रतिमाएं दर्शकों के लिए रखी गई हैं. संग्रहालय सलाहकार और विशेषज्ञ बालकृष्ण लोखंडे ने बताया कि एक प्रतिमा राजस्थान के सहरोल से मिली है. इसमें शेषनाग की शैया पर बालकृष्ण का जन्म और जेल का दृश्य उकेरा गया है. दूसरी प्रतिमा मंदसौर क्षेत्र की है, जिसमें माता कृष्ण को स्तनपान कराती दिखाई गई हैं. प्रतिमा में अष्ट दिक्पाल, ब्रह्मा, शिव और विष्णु सहित समुद्र निधियों का भी चित्रण है. दोनों प्रतिमाएं करीब 35 से 60 सेंटीमीटर तक ऊंची हैं और वर्ष 2005 से संग्रहालय की गैलरी में प्रदर्शित हैं.

लखेरापुरा से निकलेगी शोभाया, दयालबाग में भंडारा

- श्री हरिहर महोत्सव समिति द्वारा जन्माष्टमी पर शोभायात्रा दोपहर 12:30 बजे लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर से निकाली जाएगी. इसमें 21 स्थानों पर श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ माखन मटकी फोड़ते नजर आएंगे. राजा भोज की जीवंत झांकी पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश देगी. शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और वासुदेव की झांकियां भी शामिल रहेंगी. शोभायात्रा चौक बाजार, जुमेराती, मंगलवारा, इतवारा और लखेरापुरा होते हुए सोमवारा के भवानी चौक पर समाप्त होगी.
- राधास्वामी सत्संग के आद्य प्रवर्तक परम पुरुष पूरन धनी हुजूर स्वामी महाराज का पावन भंडारा जन्माष्टमी के अवसर पर दयालबाग में श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा. आयोजन के तहत 2 से 6 सितंबर तक भंडारा सप्ताह चल रहा है. सुबह आरती होगी, दूसरी पाली में खेतों पर नियमानुसार भंडारा आयोजित किया जाएगा.

श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम बांटने की सीख देता है



शहर के 53 साल पुराने कृष्ण प्रणामी मंदिर में जन्माष्टमी पर भगवान को दो क्विंटल मिश्री और 50 किलो मक्खन का भोग लगाया जाएगा. गुरु रूपराज शर्मा ने बताया कि होंगे. शाम को भजन संध्या होगी और रात 12 बजे कृष्ण जन्म के बाद गरबा होगा. गुरु शर्मा ने कहा कि कृष्ण का जीवन प्रेम बांटने की सीख देता है. उन्होंने अपने मित्रों के साथ पशु-पक्षियों को भी अपनाया. उनका कहना है की आज की पीढ़ी को खुद खुश रहने व अपने आसपास के लोगों को खुश रखने का प्रयास करना चाहिए.

श्रीकृष्ण हमेशा मित्रों का ध्यान पहले रखते थे

बरखेड़ी के राधा-कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर कान्हा का नए वस्त्रों से श्रृंगार किया जाएगा. ठीक 12 बजे जन्म के बाद आरती होगी. आचार्य रूपराम शर्मा ने बताया कि कान्हा पहले अपने ग्वाल मित्रों को माखन खिलाते थे और अंत में खुद खाते थे. उनके भोग लगाते ही घंटियां बज उठती थीं. यह प्रसंग अपनी खुशी से पहले साथियों का ध्यान रखने की सीख देता है. इसी कथा से मंदिरों में भोग के समय घंटी बजाने की परंपरा जुड़ी मानी जाती है.

करुणाधाम आश्रम में होगी कृष्ण लीला



नेहरू नगर स्थित करुणा धाम आश्रम में जन्माष्टमी पर बाल गोविंद उत्सव का आयोजन शाम 7 से रात 12 बजे तक किया जाएगा. गुरु सुदेश शांडिल्य के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए श्रीकृष्ण, राधा, गोपी और ग्वाल के वेश में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, प्रियंका चौरे और समूह द्वारा 'षड्ऋतु कृष्णम' कार्यक्रम में कृष्णलीला प्रस्तुत की जाएगी. करुणेश्वरी ग्रुप के साथ भजन जामिंग भी होगी. रात 12 बजे कृष्ण जन्मोत्सव और भव्य जन्म आरती के बाद अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा.

राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में नन्हे-मुन्ने

भोपाल, 3 सितंबर. जन्माष्टमी उपलक्ष्य में बरखेड़ीकलां स्थित शारदा विद्या मंदिर विद्यालय में शुक्रवार को फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा, कृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े विभिन्न स्वरूपों में सजे-धजे नजर आए.

ज्ञान से ही त्याग, आत्मकल्याण का मार्ग



भोपाल, 3 सितंबर (नवभारत न्यूज). धर्मसभा में आचार्य समय सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं से आगम के आधार पर धर्म को समझने, नियमित स्वाध्याय करने और ज्ञान के बाद त्याग की भावना विकसित करने का आह्वान किया. आचार्य ने कहा कि इंद्रियां केवल माध्यम हैं, देखने और जानने वाला आत्मा है. वस्तु का सही ज्ञान होने के बाद ही उसके प्रति विवेक और त्याग का भाव पैदा होता है. मोह का त्याग धर्म साधना का जरूरी हिस्सा है. उन्होंने कहा कि धर्म को पसंद-नापसंद के आधार पर नहीं, बल्कि आगम और सिद्धांत के अनुसार समझना चाहिए. आचार्य ने श्रद्धालुओं से रोज कम से कम 10 मिनट स्वाध्याय करने की अपील की.

शिविर में वरिष्ठजनों की आंखों की जांच

भोपाल, 3 सितंबर (नवभारत कनेक्ट). एलएन मेडिकल एवं जेके हॉस्पिटल के डॉ. एके चौधरी एवं इंद्रजीत जग्गी के नेतृत्व में गुरुवार को आनंद आश्रम, शिवाजी नगर वृद्ध आश्रम, भोपाल में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा वरिष्ठजनों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में डॉ. राहुल अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, नेत्र विभाग, की विशेषज्ञ टीम द्वारा एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल, एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा वरिष्ठजनों की आंखों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया. शिविर के दौरान 25 वरिष्ठजनों की स्वास्थ्य एवं रक्त संबंधी जांच भी की गई. नेत्र परीक्षण के दौरान 12 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया.

सहस्त्रबाहु मंदिर में शिव अभिषेक कल

भोपाल, 3 सितंबर. श्री क्षत्रिय मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर समिति भोपाल द्वारा रविवार को दोपहर 1 बजे से श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर एकतापुरी में भगवान शिव जी का अभिषेक तथा पूजन अर्चन, आरती का आयोजन किया गया है. इसके बाद भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी.

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर नोटिस नं.: 12/2026 **दिनांक:** 02.09.2026

ई-निविदा सूचना

वरि. मं. सिग. एवं. दूर. सं. इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु 'खुली निविदा' केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई- टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

क्र सं.: 1	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-26

कार्य का नाम: आगरा मंडल के मथुरा (MTJ) स्थित SSE/Sig/MTJ एवं SSE/Tele/MTJ डिपो का समस्त आवश्यक आधारभूत संरचना सुविधाओं सहित विस्तारीकरण/नवीनीकरण तथा (2) आगरा मंडल में Porta Cabins के स्थान पर OFC Huts के प्रावधान से संबंधित सिग्नल एवं दूरसंचार (S&T) का कार्य।

कार्य की लागत: ₹ 99,56,372.69	निविदा बन्द दिनांक: 25.09.2026
क्र सं.: 2	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-27

कार्य का नाम: आगरा मंडल के SM कक्ष एवं इंजीनियरिंग कंट्रोल में नॉन- इंटरलॉक्ड LC गेट के CCTV डिस्प्ले के प्रावधान का कार्य।

कार्य की लागत: ₹ 3,61,62,314.77	निविदा बन्द दिनांक: 25.09.2026
क्र सं.: 3	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-28

कार्य का नाम: आगरा मंडल के MTJ-PWL एवं JAB-TDL सेक्शनों में MTJ AWR सेक्शन (MORA, GDO, DEEG, BEDM, BINR, GVH, JBS, RAH, OTW), AGC-UDMR सेक्शन (SSDT, FAB, BAH) एवं AGC Cantt तथा सिग्नलिंग सर्किट LSC एवं ऑटो ब्लॉक सेक्शन (ABN एवं ABS) में EI सिस्टम तीन वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (Comprehensive Annual Maintenance Contract) का कार्य।

कार्य की लागत: ₹ 7,64,61,583.68	निविदा बन्द दिनांक: 25.09.2026
क्र सं.: 4	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-29

कार्य का नाम: आगरा मंडल के IDH-BXN सेक्शन के 04 स्टेशनों (PTLI, MIQ, KLB एवं FTS) पर स्थापित Kyosan Make Electronic Interlocking (E.I.) System दो वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (Comprehensive Annual Maintenance Contract) का कार्य।

कार्य की लागत: ₹ 1,99,24,758.24	निविदा बन्द दिनांक: 25.09.2026
क्र सं.: 5	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-30

कार्य का नाम: आगरा मंडल के यमुना ब्रिज-टुंडला सेक्शन एवं इदगाह - बयाना सेक्शन में स्थापित Frauscher Make Multi Section Digital Axle Counters 03 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (Comprehensive Annual Maintenance Contract) का कार्य।

कार्य की लागत: ₹ 2,69,29,119.36	निविदा बन्द दिनांक: 25.09.2026

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को **15.00 बजे** तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। **2027/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या: CEN05GWL0326 **दिनांक:** 01.09.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता (निर्माण) उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु, ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से (Singal Packet) खुली निविदा आमन्त्रित करते हैं। निविदायें दिनॉक 06.10.2026 को 15.00 बजे तक website **http://www.ireps.gov.in.** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार है:-

निविदा संख्या: E-Tender Notice No. CEN05GWL0326

कार्य का नाम: एडीईन ग्वालियर के अंतर्गत सबलगढ से बीरपुर से सिरोनी रोड खंड के मध्य ट्रैक (नई जी सी लाईन) का रखरखाव का कार्य।

अनुमानित लागत: ₹ 30,55,579.20	वैधता अवधि: 60 दिन
कार्य पूर्ण होने की अवधि: 06 माह	निविदा बंद होने का दिनाँक: 06.10.2026

● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट website **http://www.ireps.gov.in.** को देखें। **2020/26(AK)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23
Phone No. : 0755-2602033-36, Fax : 2589821, 2586636

Ref. : MD/MK/04/Abgd.NIT/1952 **Date : 03.09.2026**

TENDER NOTICE

MPMKVVCL, Bhopal, invites following bids through e-tendering :-

Tender Specification Number	Particulars	Approx. Value (Rs. Lakh)	Tender Fee Including GST @18% (In Rs.)	Pre-Bid Meeting	Date of Opening of Tender
MD/MK/04/1324	Appointment of Agency for Promotion, Outreach & Branding, Digital Marketing and Production Work of MPMKVVCL, Bhopal.	120.00	5900.00	15.09.2026 at 03:30 PM	25.09.2026 at 03:30 PM

Other details are available on Company website **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/127884/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/4548/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 03/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर		कार्य का नाम	कार्य		निविदा प्रपत्र		निविदा की
	क्रमांक	जारी दिनांक		समयावधि	लागत	मूल्य	EMD	अंतिम तिथि
1	2026_UAD_27-08-2026	532655_1	Providing and laying of Stone Dust Various Place Within Ward No 23 to 27	2 Months	5,08,963	2,000	10,179	10/09/2026
2	2026_UAD_27-08-2026	532670_1	LT and HT Laying electrification work at ward no.38 Dhoti IInd Call	2 Months	9,30,648	2,000	18,613	10/09/2026
3	2026 UAD_27-08-2026	532694_1	Construction of RCC Drain near Masjid Ward No.13	2 Months	28,55,221	5,000	50,000	28-09-2026
4	2026_UAD_01-09-2026	533047_1	Conical Lighting installation at ward no.17 at various places	2 Months	6,55,337	2,000	13,307	16/09/2026
5	2026_UAD_01-09-2026	533058_1	Decorative light at ward no. 26 dasauti in various street	2 Months	24,68,325	5,000	49,367	01/10/2026
6	2026_UAD_01-09-2026	533087 1	Laying Conical Lighting system at various places in ward 43	2 Months	2,41,371	2,000	4,827	16-09-2026
7	2026_UAD_01-09-2026	533099_1	Laying Decorative lighting system from talkies chauraha via surdas chauraha to parshad niwas in ward 39	2 Months	58,74,348	10,000	58,743	01/10/2026
8	2026 UAD_01-09-2026	533105_1	Decorrative Light at ward no. 31 main road dhoti to harri pashchim mode tk	2 Months	35,59,769	5,000	50,000	01/10/2026
9	2026_UAD_01-09-2026	533153_1	Construction and placing of precast at various places Ward no.39	2 Months	16,55,250	2,000	33,105	01/10/2026
10	2026_UAD_01-09-2026	533170_1	Construction of Tar road from NTPC canal to Anganwadi Juwadi at Ward no.36	2 Months	33,35,850	5,000	50,000	01/10/2026
11	2026_UAD_01-09-2026	533213_1	Construction of precast at ward no.38	2 Months	9,79,975	2,000	19,600	16/09/2026
12	2026 UAD_01-09-2026	533229_1	Construction of RCC drain near sitaram verma house at ward no.37	2 Months	24,52,607	5,000	49,052	01/10/2026
13	2026 UAD_01-09-2026	533236_1	Interlocking work at various places at ward 15	2 Months	15,57,812	2,000	31,156	01/10/2026
14	2026 UAD_02-09-2026	533358_1	Plantation of hedge and plants at ward no. 32 indra chowk to pankaj stationary	2 Months	3,45,720	2,000	6,914	03/10/2026
15	2026_UAD_02-09-2026	533368_1	Construction of shed infront of PDS shop and infront of Durga Mandap at Ward No. 12 Simplex	2 Months	4,47,232	2,000	8,945	16/09/2026
16	2026_UAD_02-09-2026	533387_1	Patch Repairing at Various Places of Ward No.32 to 37	2 Months	843,475	2,000	16,870	16/09/2026
17	2026 UAD_02-09-2026	533400_1	Construction of tar road from ambedkar chowk railwayline and nal basti approach road ward no.41	2 Months	56,30,784	10,000	56,308	16/09/2026
18	2026 UAD_02-09-2026	533404_1	Estimate for DTH Bore and HP Installation at ward no.14	1 Months	7,53,972	2,000	15,079	16/09/2026
19	2026 UAD_02-09-2026	533420_1	Construction of Shed at Ward No.22	2 Months	3,93,391	2,000	7,868	16/09/2026
20	2026_UAD_02-09-2026	533441_1	Construction of precast on drain at ward no.13	2 Months	2,74,572	2,000	5,491	16/09/2026
21	2026_UAD_02-09-2026	533451_1	Construction of RCC Slab Culvert at Ward No.15	2 Months	8,78,796	2,000	17,576	16/09/2026
22	2026_UAD 02-09-2026	_533474_1	Supply Installation Testing and Commissioning of 150 Litre water purifier along with water cooler	2 Months	1,62,119	1,000	3,242	16/09/2026
23	2026 UAD 02-09-2026	533500_1	Construction of RCC Drain near jio office and pathak Ji house ward no. 40	2 Months	32,73,355	5,000	50,000	03/10/2026
24	2026_UAD_02-09-2026	533518_1	Supply and Fixing and fixing tank at near by Maszid in ward no.27	1 Months	61,750	1,000	1,235	16/09/2026
25	2026_UAD 02-09-2026	_533529_1	Construction of culvert at ward no.24	2 Months	8,74,610	2,000	17,492	16/09/2026
26	2026_UAD 02-09-2026	_533540_1	Estimate for CC work prathmik pathshala Dasauti at in ward no 26	1 Months	10,58,365	2,000	21,167	03/10/2026
27	2026 UAD 02-09-2026	533566 1	Estimate for GP Bore an HP intallation in various places at ward no 23	2 Months	1,11,698	2,000	2,234	16/09/2026
28	2026_UAD_02-09-2026	533579 1	Construction of RCC Drain from Lal Singh House to Saket Basti at Ward No.30	2 Months	52,55,897	10,000	52,559	03/10/2026
29	2026_UAD_03-09-2026	533887_1	Laying Decorative Lighting system from income tax office to santosis dubey and rajendra agrawal house to indu bhawan house ward no40	2 Months	11,29,225	2,000	22,585	05/10/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सिंगरौली